प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 17.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को रांची रेल डिवीजन के गोविंदपुर रोड स्टेशन का ऑनलाइन उदघाटन करेंगे। इस योजना की शुरुआत उन्होंने फरवरी 2024 में की थी। इस बाबत सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गोविंदपुर स्टेशन को विकसित किया गया हैं।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राजभवन में आंदोलनरत जेपीएससी अभ्यर्थियों से दोबारा मुलाकात की। इसके बाद जेपीएससी परीक्षा परिणाम जल्द जारी होने की संभावना बढ़ गयी है। अभ्यर्थियों ने बताया कि राज्यपाल ने परीक्षा परिणाम को लेकर जेपीएससी अध्यक्ष से बात की। इससे पहले जेपीएससी परीक्षा के परिणाम जारी करने की मांग को लेकर डुमरी विधायक जयराम महतो ने अभ्यर्थियों के साथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की थी। उन्होंने राज्यपाल को पूरी समस्या से अवगत कराया।

********************

धनबाद जिले के एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने सभी मार्केटिंग ऑफिसर, ब्लॉक सप्लाई ऑफिसर, सहायक गोदाम प्रबंधक और डोर स्टेप डिलीवरी अभिकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जून, जुलाई और अगस्त महीने के खाद्यान्न का उठाव करने और डोर स्टेप डिलीवरी एक साथ करने का निर्देश दिये हैं।

********************

पलामू जिले की पुलिस ने लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अपराध की योजना बना रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो कारतूस, एक स्मार्टफोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

********************

देवघर साइबर थाने की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जसीडीह थाना क्षेत्र के रायडीह गांव स्थित जंगल में छापेमारी कर 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि साइबर अपराधियों के पास से 11 मोबाइल व 13 सिम कार्ड जब्त किये गये हैं।

********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्य में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी है। जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा के समापन के बाद अब 19 और 20 मई को राज्य में प्रखंड स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी।

********************

सिमडेगा में अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जल्द हैंडओवर करने की तैयारी चल रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

राजधानी रांची में कल होनेवाले जेएससीए प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर अजय नाथ शाहदेव और एस के बेहरा की टीम मैदान में है। इधर जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी की पूत्री नियति चौधरी ने टीम बेहरा पर अपने पिता के नाम का गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया है।

*******समाप्त*************